**Seventeenth Loksabha**

an>

**Title : Speaker made references to the passing away of Sh. Mulayam Singh Yadav, Member 11th, 12th, 13th, 14th, 15th and 16th Lok Sabha, Sh. Sunder Lal Jhadu, Member 4th Lok Sabha, Sh. Debi Ghosal, Member 8th Lok Sabha, Sh. Rupchand Pal, Member 7th, 9th, 10th, 11th, 12th, 13th and 14th Lok Sabha, Sh. Gobinda Chandra Naskar, Member 15th Lok Sabha, Sh. Than Singh Jatav, Member 9th Lok Sabha, Sh. Manikrao Hodiya Gavit, Member 7th, 8th, 9th, 10th, 11th, 12th, 13th, 14 and 15th Lok Sabha, Smt. Jayanti Patnaik, Member 7th, 8th and 12th Lok Sabha and Sh. G. Krishna, Member 9th Lok Sabha**

**माननीय अध्यक्ष** : माननीय सदस्यगण, अत्यंत दु:ख के साथ मैं सभा को हमारे साथी श्री मुलायम सिंह यादव जी और आठ पूर्व साथियों के निधन के बारे में सूचित करना चाहता हूं।

श्री मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के मैनपुरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे। श्री मुलायम सिंह यादव एक लोकप्रिय जन नेता एवं समाजवादी आंदोलन के अग्रणी प्रणेता थे। वे सात कार्यकालों के लिए संसद सदस्य रहे। वे उत्तर प्रदेश के मैनपुरी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 11वीं, 14वीं और 15वीं लोक सभा, उत्तर प्रदेश के संभल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 12वीं और 13वीं लोक सभा तथा उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 16वीं लोक सभा के सदस्य रहे।

लोक सभा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले श्री मुलायम सिंह जी तीन कार्यकालों तक उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। श्री मुलायम सिंह यादव ने केन्द्र में रक्षा मंत्री का दायित्व भी संभाला। वे कई संसदीय समितियों के सभापति एवं सदस्य रहे। श्री यादव उत्तर प्रदेश विधान परिषद एवं विधान सभा के सदस्य भी रहे तथा उन्होंने उत्तर प्रदेश विधान मंडल में प्रतिपक्ष के नेता पद पर भी कार्य किया। उनके सरल एवं स्वच्छ व्यक्तित्व के कारण उनकी लोकप्रियता सभी दलों में थी। एक अनुभवी राजनेता के रूप में इस सदन को सदैव उनका मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है। उनके निधन से देश ने एक लोकप्रिय, अनुभवी एवं कार्यकुशल राजनेता को खो दिया है। श्री मुलायम सिंह यादव का निधन 82 वर्ष की आयु में 10 अक्टूबर, 2022 को गुरुग्राम में हुआ।

श्री झड़ू सुंदर लाल तत्कालीन अविभाजित मध्य प्रदेश के बस्तर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से चौथी लोक सभा के सदस्य थे। श्री झड़ू सुंदर लाल जी का निधन 82 वर्ष की आयु में 1 अगस्त, 2022 को कोण्डागांव, छत्तीसगढ़ में हुआ।

श्री देबी घोषाल पश्चिम बंगाल के बैरकपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से आठवीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री देबी घोषाल का निधन 87 वर्ष की आयु में 5 अगस्त, 2022 को कोलकाता में हुआ।

श्री रूपचंद पाल पश्चिम विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया। बंगाल के हुगली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 7वीं, 9वीं, 10वीं, 11वीं 12वीं, 13वीं तथा 14वीं लोक सभा के सदस्य थे। श्री पाल प्राक्कलन समिति तथा सरकारी उपक्रम संबंधी समिति के सभापति रहे। उन्होंने विभिन्न संसदीय समितियों के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

श्री रूपचंद पाल का निधन 85 वर्ष की आयु में 16 अगस्त, 2022 को कोलकाता में हुआ।

श्री गोविन्द चन्द्र नस्कर पश्चिम बंगाल के बनगांव संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से पन्द्रहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री नस्कर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण संबंधी समिति के सभापति रहे। उन्होंने ग्रामीण विकास संबंधी समिति के सदस्य के रूप में भी कार्य किया।

श्री नस्कर ने चार कार्यकालों तक पश्चिम बंगाल विधान सभा के सदस्य के रूप में कार्य किया था और उन्होंने पश्चिम बंगाल सरकार में स्वास्थ्य और परिवार नियोजन; शिक्षा और सुंदर वन विकास मंत्री के रूप में भी कार्य किया।

श्री गोविन्द चन्द्र नस्कर का निधन 81 वर्ष की आयु में दिनांक 2 सितम्बर, 2022 को कोलकाता में हुआ।

श्री थान सिंह जाटव राजस्थान के तत्कालीन बयाना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री थान सिंह विज्ञान और प्रौद्योगिकी संबंधी समिति के सदस्य थे।

श्री थान सिंह जाटव का निधन 88 वर्ष की आयु में 5 सितम्बर, 2022 को जयपुर में हुआ।

श्री माणिकराव एच. गावीत महाराष्ट्र के नंदुरबार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं, आठवीं, नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं, बारहवीं, तेरहवीं, चौदहवीं तथा पंद्रहवीं लोक सभा के सदस्य थे।

श्री गावीत ने 15वीं लोक सभा में प्रोटेम स्पीकर के रूप में कार्य किया था और वे आचार समिति के सभापति भी रहे। वे कई संसदीय समितियों के सदस्य भी रहे।

श्री गावीत ने गृह मंत्रालय तथा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कार्य किया।

श्री गावीत ने महाराष्ट्र विधान सभा के सदस्य के रूप में भी अपनी सेवाएं दीं।

श्री माणिकराव एच. गावीत का निधन 87 वर्ष की आयु में 17 सितम्बर, 2022 को नासिक में हुआ।

श्रीमती जयंती पटनायक ओडिशा के कटक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से सातवीं और आठवीं लोक सभा तथा ओडिशा के बरहामपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से 12वीं लोक सभा की सदस्य थीं।

श्रीमती पटनायक प्राक्कलन समिति, मानव संसाधन विकास संबंधी समिति तथा शहरी और ग्रामीण विकास संबंधी समिति की सदस्य रहीं। वे 1996 से 1998 तक राज्य सभा की सदस्य भी रहीं।

श्रीमती जयंती पटनायक का निधन 90 वर्ष की आयु में 28 सितम्बर, 2022 को भुवनेश्वर में हुआ।

श्री जी. कृष्णा आंध्र प्रदेश के एलुरु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से नौंवी लोक सभा के सदस्य थे। वे एक लोकप्रिय अदाकार भी थे। ''सुपरस्टार'' के नाम से लोकप्रिय श्री जी. कृष्णा ने 5 दशकों में 350 से अधिक फिल्मों में अभिनय किया।

भारतीय सिनेमा में उनके योगदान के लिए उन्हें वर्ष 2009 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।

श्री जी. कृष्णा का निधन 79 वर्ष की आयु में 15 नवम्बर, 2022 को हैदराबाद में हुआ।

हम श्री मुलायम सिंह यादव तथा अपने अन्य पूर्व साथियों के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हैं और यह सभा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदना व्यक्त करती है।

अब यह सभा दिवंगत आत्माओं के सम्मान में कुछ देर मौन रहेगी।

ओम् शांति शांति शांति।

**11.08 hrs**

*The Members then stood in silence for a short while.*